NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-History

Chapter : 1

Chapter Name : क्या, कब, कहाँ और कैसे?

Book Name : हमारे अतीत

Q1 निम्नलिखित का सुमेल करो :

नर्मदा घाटी	पहला बड़ा राज्य
मगध	आखेट तथा संग्रहण
गारो पहाड़ियाँ	लगभग 2500 वर्ष के पूर्व नगर
सिंधु तथा इसकी सहायक नदियाँ	आरंभिक कृषि
गंगा घाटी	प्रथम नगर

Answer.

नर्मदा घाटी - आखेट तथा संग्रहण

मगध - पहला बड़ा राज्य

गारो पहाड़ियाँ - आरम्भिक कृषि

सिंधु तथा इसकी सहायक नदियाँ - प्रथम नगर

गंगा घाटी - लगभग 2500 वर्ष पूर्व के नगर

Page : 9 , Block Name : आओ याद करें

Q2 पाण्डुलिपियों तथा अभिलेखों में एक प्रमुख अंतर बताओ?

Answer. पाण्डुलिपियों और अभिलेखों में अंतर :

aglasem.com

- ➔ पांडुलिपियां हाथ से तैयार ताड़पत्रों अथवा हिमालय क्षेत्र में उगने वाले भूर्ज नामक पेड़ के छाल से तैयार भोजपत्र पर लिखी जाती थी।
- ➔ ऐसे लेख जो पत्थरो अथवा धातु जैसी अपेक्षाकृत कठोर सतहों पर लिखे मिलते हैं वह अभिलेख कहलाते हैं।

Page : 9 , Block name : आओ याद करें (short answer questions)

Q3 राशिदा के प्रश्न को फिर से पढ़ो। इसके क्या उत्तर हो सकते हैं?

Answer. अतीत के बारे में जानने के लिए :

- ➔ रेडियो-टेलिविज़न सुन-देख सकते हैं, जिसमें अतीत के बारे में बताया जा सकता हैं।
- ➔ किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर सकते हो जो उस स्मृति का हो।
- ➔ नाटक-रूपांतरों, किताबों के ज़रिये बहुत साल पहले की जानकारी ली जा सकती है।
- ➔ चित्र, इमारते, औज़ार, मूर्तियां, हथियार आदि से भी जानकारी ली जा सकती है ।

Pag : 10, Block Name : आओ चर्चा करें (long answer questions)

Q4 पुरात्वविदों द्वारा पाई जाने वाली सभी वस्तुओं की एक सूची बनाओ। इनमें से कौन-सी वस्तुएँ पत्थर की बनी हो सकती हैं?

Answer. पुरात्वविदों द्वारा पाई जाने वाली वस्तुएँ:

- ➔ इमारतों के अवशेष
- ➔ चित्र कलाएं
- ➔ मूर्तिया
- ➔ औज़ार
- ➔ हथियार
- ➔ बर्तन
- ➔ आभूषण
- ➔ सिक्के
- ➔ जानवरों, चिड़ियों तथा मछलियों की हड्डीयाँ।

पत्थर की बनी वस्तुएँ:

- ➔ इमारतों के अवशेष
- ➔ चित्र कलाएं
- ➔ मूर्तिया

aglasem.com

- ➔ औज़ार
- ➔ हथियार

Page : 10 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer questions)

Q5 साधारण स्त्री तथा पुरुष अपने कार्यों का विवरण क्यों नहीं रखते थे? इसके बारे में तुम क्या सोचती हो?

Answer. 5. साधारण स्त्री-पुरुष अपने कार्यों की सूची नहीं रखते थे क्योंकि:-

- ➔ वे ज़्यादा पड़े-लिखे नहीं होते थे।
- ➔ उनके द्वारा लिखी गई सूचियों को ज़्यादा प्रोत्साहन नहीं मिलता होगा।
- ➔ राजा उनकी सूचियों को ज्यादा महत्व नही देते होंगे ,उन्हें यह महत्वपूर्ण नहीं लगता होगा ।

Page :10 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer questions)

Q6 कम से कम दो ऐसी बातों का उल्लेख करो, जिनसे तुम्हारे अनुसार राजाओं और किसानों के जीवन में भिन्नता का पता चलता है?

Answer. राजाओं और किसानों के जीवन की भिन्नता:-

- ➔ राजाओं का जीवन ऐश्वर्य एवं खुशहाली भरा होता था। वहीं किसानों का जीवन कठिनाइयों और कष्ट से भरा होता था।
- ➔ सभी राजा अपने कार्यों का विवरण रखते थे। बल्कि किसानों के पास अपने कार्यों का कोई विवरण ना होता था और ना ही रखते थे।

Page : 10 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer questions)

Q7 पृष्ठ 1 पर शिल्पकार शब्द का पता लगाओ। आज प्रचलित कम से कम पाँच भिन्न-भिन्न शिल्पों की सूची बनाओ। क्या ये शिल्पकार

(क) स्त्री

(ख) पुरुष

(ग) स्त्री तथा पुरुष दोनों होते हैं?

Answer.

aglasem.com

शिल्प	(क) स्त्री	(ख) पुरुष	(ग) स्त्री तथा पुरूष
1. हस्त शिल्प	-	-	स्त्री-पुरुष दोनों
2. भवन शिल्प	-	पुरुष	-
3. मूर्ति शिल्प	-	-	स्त्री-पुरुष दोनों
4. धातु शिल्प	-	पुरुष	-
5. चर्म शिल्प	-	पुरूष	-

Page : 10 , Block name : आओ करके देखें (long answer questions)

Q8 अतीत में पुस्तकें किन-किन विषयों पर लिखी गई थीं? तुम इनमें से किन पुस्तकों को पढ़ना पसंद करोगी?

Answer. अतीत में पुस्तकें निम्नलिखित विषयों पर लिखी जाती थीं:-

- ➔ आत्मकथा पर।
- ➔ हिन्दू जादू तथा वेद पर।
- ➔ हिन्दू संगीत और कला पर।
- ➔ सामाजिक जीवन पर।
- ➔ राजाओं के जीवन पर कवितायें और नाटक|

Page : 10 , Block name : आओ करके देखें (long answer questions)

aglasem.com